


Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. जब विभिन्न पार्टियाँ सरकार बनाने के लिए सत्ता में भागीदारी करती हैं तो उस सरकार को क्या कहा जाता है?**

(अ) गठबंधन (ब) सामुदायिक

(स) संघीय शासन व्यवस्था (द) बहुसंख्यक

**2. श्रीलंका भारत के तमिलनाडु के किस तट पर स्थित है?**

(अ) दक्षिणी (ब) उत्तरी

(स) पूर्वी (द) पश्चिमी

**3. किसी देश की सरकार में संसदीय प्रणाली अपनाना किस प्रकार की सरकार की स्थापना को दर्शाता हैं?**

(अ) उत्तरदायी सरकार (ब) संघीय/संघात्मक सरकार

(स) राष्ट्रपति द्वारा शासन प्रणाली (द) राजसत्ता

**4. श्रीलंका निम्नलिखित में से किस वर्ष स्वतंत्र राष्ट्र बना?**

(अ) 1950 ब) 1948

(स) 1951 (द) 1949

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा बेल्जियम में नहीं बोली जाती?**

(अ) डच (ब) इनमें से कोई नहीं

(स) फ्रेंच (द) डेनिश

**6. एक अच्छी लोकतांत्रिक सरकार में—**

(अ) वकीलों के समूहों को उचित सम्मान नहीं दिया जाता (ब) मंत्रियों को ही उचित सम्मान दिया जाता है

(स) विभिन्न समूहों व विचारों को उचित सम्मान दिया जाता है (द) इनमें से कोई नहीं

**7. भारत देश का द्वीपीय पडौसी देश निम्न में से कौन-सा हैं?**

(अ) म्यांमार (ब) नेपाल

(स) श्रीलंका (द) भूटान

**8. भारतीय राष्ट्रपति का पद किसके अंतर्गत समान अधिकार रखता हैं?**

(अ) ब्रिटेन के सम्राट से (ब) अमेरिका के राष्ट्रपति से

(स) श्रीलंका के राष्ट्रपति से (द) फ्रांस के राष्ट्रपति से

**9. सिंहली भाषायी लोगों में अधिकांश हैं —**

(अ) मुस्लिम (ब) हिंदू

(स) ईसाई (द) बौद्ध

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**10. ब्रुसेल्स शहर किस महाद्वीप में स्थित हैं?**

(अ) आस्ट्रेलिया (ब) अफ्रीका

(स) एशिया (द) यूरोप

## रिक्त स्थान :

**11.** बेल्जियम देश की सीमा ____________ देश से लगती हैं।

**12.** निम्नलिखित में से ____________ अल्पसंख्यक जाति बेल्जियम में अपेक्षाकृत धनी और शक्तिशाली है।

## सत्य / असत्य

**13.** आधुनिक लोकर्तांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी का एक रूप हो सकता है।

**14.** आवास की भावना ने श्रीलंका में समस्या पैदा कर दी है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

**15.** गृहयुद्ध किसे कहते हैं?

**16.** श्रीलंका में सबसे अधिक संख्या किस सामाजिक समूह की है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**17.** नियन्त्रण व संतुलन की व्यवस्था से आप क्या समझते हैं?

**18.** तमिल भाषी लोगों की क्या माँग हैं?

## निबंधात्मक प्रश्न

**19.** बेल्जियम में सामाजिक विविधताओं से उत्पन्न समस्याओं का समाधान कैसे किया गया ?

**20.** सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण और क्षैतिज वितरण में अंतर स्पष्ट करें।

## HOTS

**21.** महत्वपूर्ण लोकतान्त्रिक सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

**1.** (अ) गठबंधन।

**2.** (अ) दक्षिणी।

**3.** (ब) किसी भी देश द्वारा सरकार में संसदीय प्रणाली अपनाना एक संघात्मक या संघीय सरकार की स्थापना का उदाहरण हैं। यह सर्वश्रेष्ठ प्रणाली मानी जाती हैं। इस प्रकार संसदीय प्रणाली कार्यपालिका और विधायिका परस्पर जुड़े रहते हैं। इस प्रणाली में राज्य का मुखिया तथा सरकार का मुखिया अलग अलग होते हैं।

**4.** (ब) 1948

**5.** (द) डेनिश

**6.** (स) एक अच्छी लोकतांत्रिक सरकार में विभिन्न समूहों तथा विचारों को उचित सम्मान दिया जाता है।

**7.** (स) भारत का पड़ौसी द्वीपीय देश श्रीलंका हैं जो भारत के दक्षिण में स्थित हैं।

**8.** (अ) भारत के राष्ट्रपति की तुलना ब्रिटेन के राष्ट्रपति से करना सर्वाधिक उचित हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 52 के अनुसार भारत में एक राष्ट्रपति होगा एवं अनुच्छेद 53 के अनुसार संघ की कार्यपालिका की शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी।

**9.** (द) सिंहली भाषी लोगों में अधिकांश बौद्ध हैं।

**10.** (द) ब्रुसेल्स शहर यूरोप महाद्वीप में स्थित है। जो कि बेल्जियम की राजधानी भी है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद ब्रुसेल्स अंतराष्टीय राजनीति का मुख्य केंद्र रहा।

**11. रिक्त स्थान :** फ्रांस

**12. रिक्त स्थान :** जर्मन

**13. सत्य / असत्य :** असत्य

**14. सत्य / असत्य :** असत्य

**15.** किसी देश में सरकार विरोधी समूहों की हिंसक लड़ाई गृहयुद्ध होती है।

**16.** श्रीलंका में सबसे अधिक संख्या सिंहली सामाजिक समूह की है।

**17.** नियन्त्रण व संतुलन की व्यवस्था से अभिप्राय है कि सरकार का प्रत्येक अंग प्रत्येक दूसरे अंग पर इस प्रकार नियन्त्रण करे ताकि सरकार का कोई भी अंग मनमानी न कर सके। इसलिए कार्य पालिका और न्यायपालिका उस पर नियन्त्रण रखे। कार्य पालिका पर विधानपालिका तथा न्यायपालिका का नियन्त्रण हो तथा न्यायपालिका पर विधानपालिका और कार्यपालिका का नियन्त्रण हो। इस सारी व्यवस्था का उद्देश्य केवल यही है कि सरकार के अंगों में सन्तुलन बना रहना चाहिए।

**18.** श्रीलंका में तमिल भाषी लोगों ने अपने राजनीतिक दलों के माध्यम से निम्नलिखित माँगों रखी हैं —

i. तमिल भाषा को राजभाषा बनाया जाए।

ii. 1980 के दशक में तमिल सरकार बनाने की माँग की थी।

iii. क्षेत्रिय स्वायत्तता दी जाए।

iv. अन्य जातीय समूहों के समान शिक्षा तथा रोजगार की सुविधाएँ दी जाए।

**19.** बेल्जियम में सामाजिक विविधताओं से उत्पन्न समस्याओं का समाधान —

i. केंद्रीय सरकार में डच और फ्रेंच भाषी मंत्रियों की समान संख्या,

ii. सामुदायिक सरकार का गठन,

iii. केन्द्रीय सरकार की अनेक शक्तियों की क्षेत्रीय सरकारों को सौंपना,

iv. केन्द्रीय सरकार में दोनों समुदायों का समान प्रतिनिधित्व,

v. क्षेत्रीय और सामुदायिक सरकारों को विभिन्न मामलों में निर्णय लेने की स्वतंत्रता।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**20.** सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण और क्षैतिज वितरण में अंतर —

| उर्ध्वाधर वितरण | क्षैतिज वितरण |
|---|---|
| इसके अंतर्गत सरकार के विभिन्न स्तरों में सत्ता का बँटवारा होता है। | इसके अंतर्गत सरकार के विभिन्न अंगों के बीच सत्ता का बँटवारा होता है। |
| इसमें निम्नतर अंग उच्चतर अंग के अधीन काम करते हैं। | इसमें प्रत्येक अंग एक दूसरे पर नियंत्रण रखता है। |
| इसमें उच्चतर तथा निम्नतर स्तर की सरकारें होती हैं। | इसमें सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी शक्ति का उपयोग करते है। |

**21.** महत्त्वपूर्ण लोकतान्त्रिक सिद्धान्त निम्नलिखित हैं—

i. कानून सर्वोपरि होता है। यह कानून के शासन में विश्वास करता है।

ii. कानून निर्माताओं तथा निर्णयकर्ताओं की जनता के प्रति जवाबदेही होती है। यह उत्तरदायी शासन का समर्थन करता है।

iii. सभी व्यक्तियों को न्यायपालिका तथा राष्ट्र के संविधान के प्रति आस्था तथा विश्वास को बनाए रखना चाहिए।

iv. स्वतन्त्रता, समानता, बन्धुत्व तथा सामाजिक न्याय की धारणाएँ लोकतान्त्रिक व्यवस्था की आत्मा है।

v. लोकतन्त्र में धर्मनिरपेक्षता, जनकल्याणकारी नीतियों तथा कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाता है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App